# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(विकास शाखा)

**दिनांक 28.02.2022 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति– पंजी के अनुसार**

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा–सह–DMFT रामगढ़ को निदेश दिया गया। उनके द्वारा एजेण्डावार निम्नवत् प्रस्ताव समर्पित किये गये :–

1. **DMFT अन्तर्गत राशि की उपलब्धता**

DMFT मद में उपलब्ध राशि एवं स्वीकृत योजनाओं के दायित्व (Liability) भुगतान की जानकारी उपायुक्त महोदया द्वारा ली गयी। Royalty Collection हेतु नियमित समीक्षा कर इसकी वृद्धि सुनिश्चित करने का निदेश जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ को दिया गया।

2. **पूर्व की बैठक की कार्यवाही का अनुपालन एवं संपुष्टि**

पूर्व की दिनांक 05.01.2022 को सम्पन्न DMFT प्रबंधकीय समिति की बैठक एवं दिनांक 14.02.2022 की न्यास परिषद् की बैठक की कार्यवाही के अनुपालनीय बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त अनुमोदित योजनाओं तथा अनुपालनीय बिन्दुओं को संपुष्ट करते हुए सभी आवश्यक कार्यो के लिए अपेक्षित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

3. **प्रबंधकीय समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत/कार्यान्वित निम्नवर्णित योजना का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया :–**

| Sl. | Name Of Scheme | Sanctioned Order | Agency | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Development work of walkway and beautification of external area at new officer's colony chhatarmandu, Ramgarh | 02, Dated 01-01-2022 | RDSD | 27116500.00 |

स्वीकृत योजना का Tender Final कर अविलम्ब कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेशित किया गया।

4. **PMU DMFT रामगढ़ द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित योजनाओं का अनुमोदन।**

| Sl. | Project Name | Details | Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | Mina Aqua | Fishing cultivation in Mining Pit | - |

PMU DMFT को निदेशित किया गया कि योजना के फलाफल एवं DPR के साथ संभावित व्यय का आकलन कर प्रतिवेदन उपलब्ध करावें।

5. **प्रस्तावित नई योजनाएँ, जिसका कार्यान्वयन DMFT निधि से कराने हेतु प्राक्कलन प्राप्त है एवं न्यास परिषद से अनुमोदित है, का अनुमोदन प्रबंधकीय समिति से निम्वत् किया गया :–**

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | प्राप्ति कार्यालय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ बस स्टैण्ड से बाजार टांड भाया गोरियारी वाग तक पथ सुदृढीकरण का कार्य। | 13,65,400.00 | REO | अनुमोदित |
| 2 | सदर अस्पताल रामगढ़ में Dialysis Center से BT Road तक पेभर ब्लॉक अधिष्ठापन कार्य। | 4,57,600.00 | RDSD | अनुमोदित |
| 3 | माण्डू प्रखण्ड के उत्तक्रमित मध्य विद्यालय रौता में चाहरदीवारी का निर्माण। | 10,50,000.00 | DEO Ramgarh | अनुमोदित |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | सामाजिक अंकेक्षण के आपत्ति के अनुपालन हेतु 12 विद्यालयो में चाहरदीवारी निर्माण। | 1,83,18,500.00 | DEO Ramgarh | Feasibility एवं आवश्यकता संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त करने तथा तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु निदेशित |

6. DMFT योजना अंर्तगत रामगढ़ जिले के Town Hall का निर्माण एवं Town Hall में Interor Work, Acoustic System, Electrification, HVAC System, Sanitary and STP के कार्य में आवश्यकतानुसार कराये गए अतिरिक्त कार्य के विचलन पर चर्चा के उपरान्त निम्न्वत् अनुमोदित किया गया :-

| योजना का नाम | पूर्व में स्वीकृत राशि | जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़ से प्राप्त पत्रांक संख्या 49 दिनांक 18.01.2022 से प्राप्त पुनरीक्षित प्राक्कलन राशि |
|---|---|---|
| Construction of Town hall at Ramgarh – Phas | 47782000 | 46882000 |
| Construction of Interior work, Acoustic system, Electrification work, HVAC system, Sanitary work, STP, Solar power System of Town hall at Ramgarh – Phase - II | 23002000 | 36879000 |
| **TOTAL** | **70784000** | **83761000** |
| अतिरिक्त कार्य हेतु विचलन कि राशि | **12977000** | |

PMU DMFT से जाँचोपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति हेतु निदेश दिया गया।

7. विकास नगर रामगढ़ में Railway Foot Overbridge के निर्माण कार्य पर चर्चा के उपरान्त इसे अनुमोदित करते हुए निदेश दिया गया कि इससे संबंधित DPR एवं संभावित व्यय हेतु कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ एवं Railway से पत्राचार करें।
8. उपायुक्त, गोपनीय–सह–आवासीय कार्यालय में पोर्टिको का निर्माण कार्य को अनुमोदित किया गया।
9. CHC माण्डू का जीर्णोद्धार कार्य को अनुमोदित किया गया।
10. कृषि विज्ञान केन्द्र, माण्डू में क्रॉसिंग फ्लोर (30x30 meter coverred with trees sheet) का निर्माण कार्य को अनुमोदित करते हुए अविलम्ब कार्यान्वयन हेतु अग्रेतर कार्रवाई के लिए निदेशित किया गया।
11. रामगढ़ शहर में CCTV Camera का अधिष्ठापन कार्य की योजना को अनुमोदित किया गया। निदेश दिया गया कि इसकी वास्तविक संख्या एवं आवश्कता संबंधी प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ कार्यालय से प्राप्त किया जाय।
12. 323 ऑगनबाडी केन्द्र का जीर्णोद्धार कार्य पर चर्चा के उपरान्त तत्काल 100 आँगनबाड़ी केन्द्रों के जीर्णोद्धार कार्य का अनुमोदन किया गया।
13. रामगढ़ शहर से रामगढ़ समाहरणालय तक नागरिक सुविधा हेतु बस का परिचालन कार्य पर चर्चा की गयी तथा इसे अनुमोदित किया गया।
14. पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के पत्रांक 1129/गो0 दिनांक 28.02.2022 से प्रस्तावित जिला में वायरलेस सिस्टम अधिष्ठापन हेतु विमर्शोपरान्त इसे अनुमोदित की गयी। इसका DPR एवं संभावित व्यय संबंधी प्रतिवेदन तैयार करने का निदेश PMU DMFT को दिया गया।
15. रामगढ़ जिला अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु Radiologist- 2, ENT Specialist- 1, GNM-10, Lab Technician- 4, OT Assistant- 2, Pharmacist-1 and Anaesthetic- 2 को DMFT मद से अनुबंध पर नियुक्त किए जाने पर चर्चा की गयी। Specialist Doctors की नियुक्ति संबंधी NHM Guidline एवं लिखित आवश्यकता संबंधित प्रतिवेदन सिविल सर्जन, रामगढ़ से प्राप्त करने का

निदेश दिया गया। GNM एवं Lab Tachnician का अनुबंध पर नियुक्ति हेतु इसे अनुमोदित करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ करने का निदेश दिया गया।

16. रामगढ़ जिला में आंगनबाडी केन्द्रों को सुदृढ़ बनाने हेतु "Growth Monitoring Device" के अंतर्गत Stadiometers-31, Infantometers-44, Infant Weighing Scale-221 and Mother and Child Weighing Scales-170 का क्रय किए जाने पर चर्चा की गयी। इसे अनुमोदित करते हुए विभागीय मार्ग–निदेश प्राप्त करने तथा नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

17. रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखण्डो के Primary, Secondary and Higher Secondary School को SmartPrimary, Secondary and Higher Secondary School में रूपांतरित करने कि योजना पर चर्चा की गयी। इस पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने तथा अगली बैठक में रखने का निदेश दिया गया।

18. रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखण्डो में Self Sustainable Prefabricated E-Smart Model Aanganwadi Centers स्थापित करने कि योजना पर चर्चा की गयी। इस पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने तथा अगली बैठक में रखने का निदेश दिया गया।

19. Kiosk machine and food Van अधिष्ठापन पर चर्चा की गयी। जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़ को निदेश दिया गया कि तत्संबंधी 4–5 Kiosk का प्रतिवेदन/DPR तैयार करने तथा संभावित व्यय उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

20. माननीय सांसद/विधायक/अध्यक्ष जिला परिषद्/अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में तैयार सूची जो न्यास परिषद से अनुमोदित है, के संबंध में चर्चा की गयी। विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र. | नाम | पदनाम | अनुशंसित योजनाओं की सं0 | विस्तृत विवरणी में योजनाओं की क्रम संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जयंत सिन्हा | माननीय सांसद, हजारीबाग | 55 | 1 to 55 |
| 2 | श्री जय प्रकाश भाई पटेल | माननीय विधायक, माण्डू | 122 | 56 to 177 |
| 3 | श्रीमती ममता देवी | माननीय विधायक, रामगढ़ | 29 | 178 to 206 |
| 4 | सुश्री अम्बा प्रसाद | माननीय विधायक, बड़कागांव | 6 | 207 to 212 |
| 5 | श्री ब्रह्मदेव महतो | माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद | 31 | 213 to 243 |
| 6 | श्री सुरेन्द्र करमाली | प्रधान कार्यकारी समिति, दुलमी | 5 | 244 to 248 |
| 7 | श्री सुमित्रा देवी | प्रधान कार्यकारी समिति, माण्डू | 1 | 249 |
| 8 | श्रीमती चन्द्रावती ठाकुर | मुखिया, बुध बाजार, इमलीगाछ | 12 | 250 to 261 |
| 9 | श्री लव कुमार महतो | मुखिया, बुध बाजार दोतल्ला | 9 | 262 to 270 |
| 10 | प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरपुर | प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरपुर | 1 | 271 |
| **कुल** | | | **271** | |

उक्त योजनाओं का Feasibility एवं संभावित व्यय का प्रतिवेदन तैयार कर PPT के माध्यम से प्रस्तुत करने का निदेश PMU DMFT रामगढ़ को दिया गया।

21. DMFT अन्तर्गत कार्यान्वित एवं पूर्ण योजनाएँ यथा :– PGC पालू, कुजू मार्केट कॉम्प्लेक्स, इण्डौर स्टेडियम, पुस्तकालय एवं टूटी झरना को Hend Over जिला परिषद् को करने तथा Revenue Genrating Model Proposal तैयार करने हेतु जिला अभियंता, जिला परिषद्, रामगढ़ को निदेशित किया गया।

22. शनिचरा बाजार रामगढ़ का जीर्णोद्धार एवं विकास (Upgradation) कार्य।

23. डेयरी आधारित F.P.O. का विकास कार्य।

अन्त में सधन्यावाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/– प्रभारी पदा0, विकास शाखा–सह–DMFT रामगढ़। | ह0/– सिविल सर्जन, रामगढ़। | ह0/– जिला खनन पदा0 रामगढ़। | ह0/– जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रामगढ़। |
| ह0/– उप विकास आयुक्त –सह–सचिव, DMFT, रामगढ़। | ह0/– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़। | ह0/– पुलिस अधीक्षक, रामगढ़। | ह0/– उपायुक्त–सह–अध्यक्ष DMFT, रामगढ़। |

ज्ञापांक ....145..../वि0 रामगढ़ दिनांक ....03/03..../2022

प्रतिलिपिः– PMU (DMFT) रामगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रबंधकीय समिति के सभी सदस्यों/पदाधिकारियों को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी कार्यपालक अभियंता, रामगढ़/जिला अभियंता, जिला परिषद/जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचल अधिकारी, रामगढ़ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.3.2022

उप विकास आयुक्त
–सह–सचिव, DMFT, रामगढ़।